# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–20 फरवरी 2025      सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने आज विधानसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार पचीस –छब्बीस के लिए आठ लाख आठ हजार सात सौ छत्तीस करोड़ छह लाख रूपये का बजट पेश किया। यह प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट प्रस्तुत करते हुए इसे प्रदेश के आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट वर्ष दो हजार चौबीस–पचीस के बजट से नौ दशमलव आठ प्रतिशत अधिक है। जिससे राज्य की आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। सरकार का लक्ष्य प्रदेश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थ व्यवस्था बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना हैं। बजट में अस्थापना विकास के लिए बाइस प्रतिशत, शिक्षा के लिए तेरह, कृषि और संबंद्ध सेवाओं के लिए ग्यारह, चिकित्सा और स्वास्थ्य में छह और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए चार प्रतिशत धनराशि आवंटित की गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि वित्तीय वर्ष दो हजार पचीस–छब्बीस का यह बजट सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा के अनुरूप गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है।

***मुझे बताते हुए यह प्रसन्नता है कि डबल इंजन सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्तव में पिछले आठ वर्ष के अंदर प्रदेश के अंदर उठाये गये कदमों का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में छह करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उपर उठकर करके एक सामान्य जीवन यापन करने का एक सुगम मार्ग इस डबल इंजन सरकार ने प्रसस्त किया है।***

बजट को लेकर प्रदेश के नागरिकों ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। जौनपुर जिले में पेशे से शिक्षक श्याम दत्त दूबे ने कहा कि इस बजट में प्रदेश सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखा है।

***इस बार सरकार ने उत्तर प्रदेश के सभी वर्गो का ख्याल रखा है। जैसे युवा, वृद्ध, महिला, पुरूष, छात्र, छात्रा इस प्रकार से सभी का बजट में स्थान दिया है। जैसे उदाहरण के रूप में दे तो छात्राओं के लिए सामान्य छात्र के लिए नौ सौ करोड़, अनुसूचित छात्रों के लिए नौ सौ अड़सठ करोड़ का बजट रखा है।***

समाजवादी प्रार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने बजट की आलोचना की है।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में देश विदेश से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह भी आज प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचे। उन्होंने कहा कि महाकुंभ की व्यवस्था उत्तम है।

**********

काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण के तहत तमिलनाडु से स्वयं सहायता समूह और मुद्रा लोन के लाभार्थियों समेत अन्य प्रतिनिधियों का एक अन्य दल आज वाराणसी पहुंचा। वहीं, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा काशी तमिल संगमम उत्सव में लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी पांडाल में आज विभिन्न विषयों पर चर्चा और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

**********

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन ने आज आकाशवाणी केंद्र गोरखपुर का दौरा किया। उन्होंने केंद्र की साफ सफाई, प्रसारण और स्टूडियो समेत अन्य सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। डॉ मुरुगन ने आकाशवाणी केंद्र और दूरदर्शन केंद्र के कार्यों की लगातार आज दूसरे दिन भी समीक्षा की। इस मौके पर केंद्र के अभियांत्रिकी प्रमुख शैलेश शरण शुक्ला समेत आकाशवाणी और दूरदर्शन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने केंद्रीय राज्य मंत्री को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गोरखपुर की पहचान गीता प्रेस की पुस्तक भेंट कर उनका स्वागत किया।

**********

जौनपुर जिले में पिछले चौबीस घंटों के भीतर हुई हुई दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब बत्तीस लोग घायल हो गये। जौनपुर के एसपी डॉ कौस्तुभ ने बताया कि बदलापुर थाना क्षेत्र में सुल्तानपुर रोड पर एक एसयूवी को आज सुबह किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें झारखंड की तीन महिला और एक बच्चे समेत पांच तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हैं । इसी इलाके में कल देर रात एक यात्री बस भी खड़े ट्रक से टकरा गई, जिसमें दिल्ली के तीन तीर्थयात्रियों की मौत हो गई, जबकि सत्ताईस लोग घायल हो गए।

**********

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आज हल्की बूंदा बादी और बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया। शामली, मुजफ्फरनगर, बदायूं, मैनपुरी, हमीरपुर, फर्रुखाबाद, एटा और बदायूं समेत कई पश्चिमी जिलों से बूंदाबांदी और बारिश के समाचार मिले हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी कई स्थानों पर मौसम विज्ञान विभाग ने आज बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है।

**********